JEECUP-2024

स्पॉट काउन्सिलिंग दिनांक 22.10.2024 एवं 23.10.2024 हेतु संस्थाओं के लिए दिशा निर्देश (राजकीय, अनुदानित, पी0पी0पी0 एवं निजी क्षेत्र की संस्थाओं में फार्मेसी पाठ्यक्रम को छोड़कर अन्य समस्त पाठ्यक्रमों हेतु)

शैक्षिक सत्र 2024–25 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2024 एवं काउन्सिलिंग के आधार पर प्रवेश (अन्तिम तिथि 23 अक्टूबर, 2024) के पश्चात राजकीय, अनुदानित, पी0पी0पी0 एवं निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं में रिक्त रह गई सीटों पर छात्र/छात्राओं के प्रवेश हेतु दिनांक 22.10.2024 व 23.10.2024 को केन्द्रीय प्रवेश समिति द्वारा स्पॉट काउन्सिलिंग की व्यवस्था की गई है। यह स्पाट काउन्सिलिंग निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहेंगी :–

1. स्पॉट काउन्सिलिंग की प्रक्रिया निःशुल्क होगी और सभी कार्य दिये गये शिड्यूल के अनुसार होंगे। स्पॉट काउन्सिलिंग में संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2024 की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए अभ्यर्थी ही सम्बन्धित ग्रुप के लिए अर्ह होंगे।
2. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी समस्त चरण की काउन्सिलिंग तक राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0 /निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्था में प्रवेश मिल चुका है, स्पॉट काउन्सिलिंग के लिए अर्ह नही होंगे। काउन्सिलिंग प्रक्रिया से सातवें चरण तक संस्थाओं में प्रवेशित छात्र/छात्राओं की सूची jeecup.admissions.nic.in पर दिनांक 21.10.2024 से उपलब्ध रहेगी।
3. आनलाइन काउन्सिलिंग में पंचम चरण से सभी सीटें ओपेन वर्ग में हो गई हैं, अतः संस्थावार, ब्रांचवार रिक्त सीटों को ओपेन वर्ग में सम्मिलित करते हुए स्पॉट काउन्सिलिंग सम्पन्न होगी। इन सीटों का विवरण दिनांक 21.10.2024 को प्रातः 10:00 बजे परिषद की वेबसाइट jeecup.admissions.nic.in पर उपलब्ध होगा। महिला/विकलांग संस्थान की सीटों पर महिला/विकलांग अभ्यर्थी ही प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।
4. चयन प्रक्रिया में योग्यताक्रम की सूची अभ्यर्थी की **ओपेन रैंक** से ही बनायी जायेगी।
5. काउन्सिलिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना होगा तथा वह एक ही संस्था में आवेदन कर सकेगा।
6. राजकीय, अनुदानित एवं पी0पी0पी0 मोड के संस्थाओं के प्रधानाचार्य द्वारा स्पॉट काउन्सिलिंग के लिए एक समिति बनायी जायेगी, जिसके अध्यक्ष संस्था प्रधानाचार्य होंगे तथा संस्था के वरिष्ठ अधिकारी एवं सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी द्वारा नामित एक अधिकारी/प्रतिनिधि समिति के सदस्य होंगे तथा निजी क्षेत्र की संस्थाओं में प्रधानाचार्य/निदेशक द्वारा स्पॉट काउन्सिलिंग के लिए एक समिति बनायी जायेगी, जिसके अध्यक्ष संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक होंगे तथा संस्था के वरिष्ठ अधिकारी एवं संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा नामित एक अधिकारी /प्रतिनिधि समिति के सदस्य होंगे।
7. संस्था के सूचना पट पर पाठ्यक्रमवार रिक्तियों का विवरण दिनांक 22.10.2024 को उपलब्ध कराया जाये तथा रिक्त सीटों का संस्थावार/पाठ्यक्रमवार विवरण परिषद की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगा।
8. स्पॉट काउन्सिलिंग के लिए बनी समिति दिनांक 22.10.2024 को प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदन–फार्म एवं अभिलेखों की जांच दिनांक 22.10. 2024 के सांय तक किये जाने के पश्चात समस्त आवेदकों की मेरिट लिस्ट चस्पा करना अनिवार्य होगा।

9. समस्त प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर अभ्यर्थियों के प्रवेश की अन्तिम तिथि 23.10.2024 है। इस तिथि के पश्चात कोई भी प्रवेश मान्य नहीं होगा।
10. प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात दिनांक 25.10.2024 की सायं 5:00 बजे तक संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद कार्यालय को स्पॉट काउन्सिलिंग द्वारा प्रवेशित छात्र/छात्राओं का विवरण jeecup17@gmail.com पर अवश्य भेज दिया जाये।
11. स्पॉट काउन्सिलिंग में आवंटन पाये हुए छात्र/छात्राओं को आवंटित पाठ्यक्रम की निर्धारित पूरी फीस संस्था में जमा करनी होगी तभी उनका प्रवेश अन्तिम/पूर्ण माना जायेगा।
12. ऐसे अभ्यर्थी जो वर्ष–2024 की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं, किन्तु कोई रैंक प्राप्त नहीं किये हैं, उनकों मेरिट सूची में रैंक प्राप्त अभ्यर्थियों के नीचे रखते हुए उनके प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट तैयार की जायेगी।
13. ऊपर दिये गये निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन करते हुए उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि जो अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा–2024 में सम्मिलित नहीं हुए हैं, उनका किसी भी दशा में प्रवेश न किया जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित संस्था एवं संस्था प्रधानाचार्य जिम्मेदार होंगे।
14. फार्मेसी पाठ्यक्रम हेतु स्पॉट काउन्सिलिंग के दिशा–निर्देश एवं तिथियाँ पृथक से निर्धारित की जायेंगी।

सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

JEECUP-2024
SPOT COUNSELING SHEDULE
AT INSTITUTE

SL.NO.	DATE	COUNSELLING ACTIVITIES
1.	22.10.2024	Registration (9:00 AM to 2:00 PM)
		Merit Preparation/Declaration
2.	23.10.2024	Document Verification, Allotment of Seat & Deposition of Fee by Candidates